संख्या-558/2020/737/22-2-2020-17(309)/2016

प्रेषक,

करूणेश कुमार सिंह,
संयुक्त सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ दिनांक 18 दिसम्बर, 2020***

विषय:- जिला कारागार, गोण्डा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी राम भोग पुत्र श्री अशर्फीलाल, निवासी जनपद-गोण्डा की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-16933/प्रोवेशन-3/फार्म-ए(एम-05.06.2020) दिनांक-03.07.2020 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार जिला कारागार, गोण्डा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी राम भोग पुत्र श्री अशर्फीलाल, ग्राम-मोताजोत, मौजा-मलारी, थाना-कोतवाली देहात, जनपद-गोण्डा का निवासी है। बन्दी ने दिनांक 26.02.2004 को 09 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर बन्दूक, कट्टा, पिस्टल से फायर कर रामदयाल एवं सुन्दरपती की हत्या कर दी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-319/2004 में भा0द0वि0 की धारा-148, 307/149, 302/149 के अन्तर्गत मा0 सत्र न्यायाधीश, गोण्डा के आदेश दिनांक 21.04.2009 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया है। बन्दी द्वारा दिनांक 01.06.2020 तक 16 वर्ष 01 माह 10 दिन की अपरिहार सजा तथा 18 वर्ष 12 माह 00 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। जिला मजिस्ट्रेट, गोण्डा की अध्यक्षता में सम्पन्न समिति की बैठक दिनांक 22.01.2020 द्वारा मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में बन्दी का अपराध व्यक्ति विशेष तक सीमित अपराध की श्रेणी में न होने, बन्दी द्वारा भविष्य में अपराध करने का अवसर होने, पुन: अपराध करने में अशक्त न होने, जेल में और आगे निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने, परिवार की सामाजिक आर्थिक दशा समयपूर्व रिहाई हेतु उपयुक्त न होने की आख्या अंकित करते हुए समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति नहीं की गयी है। बोर्ड के सदस्यों का अभिमत है कि बन्दी ने दिनांक 26.02.2004 को 09 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर बन्दूक, कट्टा, पिस्टल से फायर कर रामदयाल एवं सुन्दरपती की हत्या करने का जघन्य अपराध कारित किया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बन्दी के भविष्य में अपराध करने का अवसर होने, पुन: अपराध करने में अशक्त न होने का अंकन जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट ने मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में किया गया है। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता, जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा समिति की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोवेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी राम भोग पुत्र श्री अशर्फीलाल को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की **संस्तुति** नहीं की गयी है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

3- उपरोक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि बन्दी राम भोग (बन्दी संख्या-362/09) पुत्र श्री अशर्फीलाल, निवासी जनपद-गोण्डा के फार्म-ए पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट,1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक् विचारोपरान्त उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति श्री राज्यपाल द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म-ए पर शासन के आदेश अंकित करके एतद्द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,

करूणेश कुमार सिंह
संयुक्त सचिव।

संख्या-558/2020/**737**(1)/22-2-2020 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, गोण्डा।

2- अधीक्षक, जिला कारागार, गोण्डा।

3- निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी को सूचनार्थ।

4- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

अजय कुमार तिवारी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या-558/2020/737/22-2-2020-17(309)/2016

दिनांक 18 दिसम्बर, 2020 का संलग्नक

सरकार के आदेश

जिला कारागार, गोण्डा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी राम भोग पुत्र श्री अशर्फीलाल, ग्राम-मोताजोत, मौजा-मलारी, थाना-कोतवाली देहात, जनपद-गोण्डा का निवासी है। बन्दी ने दिनांक 26.02.2004 को 09 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर बन्दूक, कट्टा, पिस्टल से फायर कर रामदयाल एवं सुन्दरपती की हत्या कर दी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-319/2004 में भा0द0वि0 की धारा-148, 307/149, 302/149 के अन्तर्गत मा0 सत्र न्यायाधीश, गोण्डा के आदेश दिनांक 21.04.2009 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया है। बन्दी द्वारा दिनांक 01.06.2020 तक 16 वर्ष 01 माह 10 दिन की अपरिहार सजा तथा 18 वर्ष 12 माह 00 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। जिला मजिस्ट्रेट, गोण्डा की अध्यक्षता में सम्पन्न समिति की बैठक दिनांक 22.01.2020 द्वारा मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में बन्दी का अपराध व्यक्ति विशेष तक सीमित अपराध की श्रेणी में न होने, बन्दी द्वारा भविष्य में अपराध करने का अवसर होने, पुन: अपराध करने में अशक्त न होने, जेल में और आगे निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने, परिवार की सामाजिक आर्थिक दशा समयपूर्व रिहाई हेतु उपयुक्त न होने की आख्या अंकित करते हुए समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति नहीं की गयी है। बोर्ड के सदस्यों का अभिमत है कि बन्दी ने दिनांक 26.02.2004 को 09 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर बन्दूक, कट्टा, पिस्टल से फायर कर रामदयाल एवं सुन्दरपती की हत्या करने का जघन्य अपराध कारित किया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बन्दी के भविष्य में अपराध करने का अवसर होने, पुन: अपराध करने में अशक्त न होने का अंकन जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट ने मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में किया गया है। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता, जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा समिति की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोवेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी राम भोग पुत्र श्री अशर्फीलाल को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की **संस्तुति** नहीं की गयी है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल द्वारा बंदी की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार कर दी गयी है।

करूणेश कुमार सिंह
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in